राजस्थान सरकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद / आकाशि / कोचिंग / 2019 / 208 दिनांकः 17 जुलाई, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय–"**प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम** "के तहत निःशुल्क कोचिग कक्षाओं के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि आप सभी को विदित है कि प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2019–20 में निःशुल्क कोचिग कक्षाओं का शुभारम्भ दिनांक 15 जुलाई 2019 से किया जा चुका है। इन कक्षाओं का आगाज अत्यन्त ही शानदार तरीके से किये जाने एवं एक बहुत बडी संख्या में छात्र / छात्राओं को पंजीकृत करवाये जाने के लिए आप सभी बधाई के पात्र है।

निःशुल्क कोचिग कक्षाओं के संबंध में आयुक्तालय के पत्रांक एफ 7:(4) अकाद /आकाशि / कोचिंग / 2019 / 132–40 दिनांक 24.6.2019 के द्वारा आपको दिनांक 15.07.2019 से 31.07.2019 तक के विषयवार समय सारणी भिजवाई गई थी। अपेक्षित है कि उक्त समय सारणी के अनुसार सभी महाविद्यालयों में निःशुल्क कोचिग कक्षाओं का संचालन निर्बाध रूप से सम्पादित किया जा रहा होगा ।

उल्लेखनीय है कि निःशुल्क कोचिग कक्षाओं के संचालन की प्रगति की समीक्षा आयुक्तालय स्तर पर प्रति सप्ताह की जावेंगी, अतः **संलग्न प्रारूप** में उक्त कक्षाओं के संबंध में सूचना प्रत्येक सप्ताह के अन्त में ईमेल आई डी jdacad1960@gmail.com.एवं आयुक्तालय में पदस्थापित आपके जिले के प्रभारी अधिकारी के वाट्सएप न0 पर भिजवाया जाना सुनिशित करें।

उक्त संबंध में आप सभी से पुनः अनुरोध है कि निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का वृहत स्तर पर प्रचार प्रसार, जिसमें कोचिंग से होने वाले समस्त फायदों एवं उच्च स्तरीय गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण की जानकारी देते हुये, अधिक से अधिक छात्र / छात्राओं को प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम से जोड़ने का प्रभावी प्रयास किया जावें।

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव,उच्च शिक्षा, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 विशिष्ट सहायक ,माननीय मंत्री,उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक ,HRD/Acad/Admn/Rusa/p&c,आकांशि जयपुर।
5. क्षेत्रीय सहायक निदेशक,जयपुर / अजमेर / कोटा / भरतपुर / जोधपुर / बीकानेर / उदयपुर इस परियोजना का अपने संबंधित क्षेत्रों में समन्वयक कोर्डिनेशन करें
6. . वैब प्रभारी को अपलोड करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावलीं।

(सौमित्र नाथ झा)
प्रभारी
प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम

प्रतियोगिता दक्षता कक्षाओं की सूचना हेतु प्रारूप

जिला :

महाविद्यालय का नाम :

उद्घाटन कर्ता का नाम एवं पद :

कक्षाओं के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या (छात्र एवं छात्राओं की संख्या)

छात्र	छात्राएं	योग

शैक्षणिक सत्र 2019–20 में प्रतियोगिता दक्षता कक्षाओं के प्रारंभ होने की स्थिति : (हाँ / नहीं)

नियमित रूप से उपस्थित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या (औसतन)

दिनांक	पढ़ाये गए टॉपिक का विवरण (समयावधि सहित)	प्रतियोगिता दक्षता कक्षाओं की अवधि का विवरण (प्रतिदिन न्यूनतम 4 घंटे)	अध्यापन करवाने वाले व्यक्ति का नाम सहित विवरण (महाविद्यालय व्याख्याता / अधिकारी / सेनि. व्याख्याता / अन्य)	विषय जिनमें अध्यापक उपलब्ध नहीं है	अन्य विवरण